प्रपत्र–26

परियोजना का नामः– कृषि उत्पादन मण्डी समिति, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल का विस्तारीकरण कार्य

भू–वैज्ञानिक की आख्या

----------संलग्न है----------

भू–वैज्ञानिक

कार्यालय भूवैज्ञानिक

भूतत्व एंव खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड
जिला टास्क फोर्स, नैनीताल स्थित हल्द्वानी।

फोन व फैक्स: 05946–221247

पत्रांक : 193 /टा0फो0नैनी0/भवन/2013–14 दिनांक : 14.6.2013

सेवा में,

सचिव,
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
मण्डी समिति, हल्द्वानी।

विषयः **कृषि उत्पादन मण्डी समिति, हल्द्वानी जनपद नैनीताल के विस्तारीकरण कार्य हेतु चयनित वन भूमि की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।**

महोदय,

कृपया आपके पत्रांकः कृ0उ0म0स0/मण्डी विस्तार /2013–1904, दिनांक 15.03.2013 के माध्यम से सन्दर्भित उपरोक्त प्रस्तावित प्रकरण में आवश्यक अभिलेख पूर्ण कराये जाने के उपरान्त, प्रस्तावित स्थल का भूगर्भीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 27.05.2013 को श्री प्रदीप पाण्डे की उपस्थिति में किया गया, जिसकी निरीक्षण आख्या सं0 56 /टा0फो0नैनी0/भवन/2013–14 संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः–

1. निरीक्षण आख्या।

भवदीय

(लेख राज)
सहायक भूवैज्ञानिक
कृते प्रभारी अधिकारी

सं0 /उपरोक्तानुसार/तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1– जिलाधिकारी नैनीताल।
2– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून।

(सहायक भूवैज्ञानिक)
कृते प्रभारी अधिकारी

(35)

निरी0आ0 सं0 50 /टा0फो0नैनी/भवन/2013–14

कार्यालय भूवैज्ञानिक, भूतत्व एंव खनिकर्म इकाई, जिला टास्क फोर्स, नैनीताल स्थित हल्द्वानी

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, हल्द्वानी जनपद नैनीताल के विस्तारीकरण कार्य हेतु चयनित वन भूमि की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

प्रस्तावनाः–

सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, मण्डी समिति, हल्द्वानी के पत्रांकः कृ0उ0म0स0/मण्डी विस्तार /2013–1904, दिनांक 15.03.2013 के माध्यम से सन्दर्भित उपरोक्त प्रस्तावित प्रकरण में आवश्यक अभिलेख पूर्ण कराये जाने के उपरान्त, प्रस्तावित स्थल का भूगर्भीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 27.05.2013 को श्री प्रदीप पाण्डे की उपस्थिति में किया गया, जिसकी निरीक्षण आख्या निम्नवत् हैः–

स्थितिः–

प्रस्तावित स्थल, हल्द्वानी–लालकुंआ मोटर मार्ग पर स्थित तीन पानी नामक स्थल से उत्तर–पश्चिम की ओर लगभग 900 मीटर की दूरी पर सम्पर्क मार्ग के दक्षिण–पश्चिम की ओर स्थित है। स्थल वर्तमान में एक खुला भूभाग है जिसमें स्थानीय प्रजाति की झाड़ियां व सघन वृक्ष विद्यमान हैं। स्थल के उत्तर–पूर्व की ओर उत्तराखण्ड ओपन युनिवर्सिटी का भवन व कुछ भाग में सम्पर्क मार्ग स्थित है जिसका समरेखण 140^0–320^0 है। स्थल के उत्तर–पश्चिम की ओर कृषि भूमि व आवासीय भवन स्थित हैं। स्थल के दक्षिण–पश्चिम की ओर खुला भूभाग स्थित है जिसमें स्थानीय प्रजाति की झाड़ियां व सघन वृक्ष स्थित हैं। स्थल के दक्षिण–पूर्व की ओर आवासीय भवन व कृषि भूमि स्थित है। प्रस्ताव के साथ उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अनुसार, प्रस्तावित स्थल, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के अन्तर्गत प्लाट सं0 150 में स्थित वन भूमि है जिसमें से याचक विभाग को दुकानो के निर्माण हेतु कुल 10.00 हेक्टेयर वन भूमि का हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। याचक विभाग द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के साथ प्रस्तावित भवनो के सम्बन्ध में कोई डिजाइन, की प्लान व स्थल पर प्रस्तावित भवनों की स्थिति एव भवनों की ऊंचाई के सम्बन्ध में कोई मानचित्र उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

आवेदित स्थल भारतीय सर्वेक्षण विभाग की टोपो शीट सं0 **53 O/12** के अन्तर्गत स्थित है। स्थल की समुद्र तल से ऊंचाई लगभग 396 मीटर है। स्थल निम्न अक्षांश व देशान्तर पर स्थित है। स्थल का उत्तर–पूर्वी किनारा (बिन्दू) उत्तर 29^0 11′ 03.9″ अक्षाशं व पूर्व 79^0 30′ 48.2″ देशान्तर पर, उत्तर–पश्चिमी किनारा (बिन्दू) उत्तर 29^0 11′ 07.0′ अक्षाशं व पूर्व 79^0 30′ 34.7″ देशान्तर पर, दक्षिण–पश्चिमी किनारा (बिन्दू) उत्तर 29^0 10′ 59.2″ अक्षाशं व पूर्व 79^0 30′ 32.7″ देशान्तर पर तथा दक्षिण–पूर्वी किनारा (बिन्दू) उत्तर 29^0 10′ 56.0″ अक्षाशं व पूर्व 79^0 30′ 44.7″ देशान्तर पर स्थित है।

भूगर्भीय सरचना :–

प्रस्तावित स्थल की सतह पर स्वस्थानिक चट्टानों का पूर्णतया अभाव है। स्थल की सतह पर भूरे रंग की मृदा का आवरण है जिसमें काबेल व पैबल आकार के विभिन्न प्रकार के चट्टानो के गोलीय टुकड़े मिश्रित अवस्था में दृष्टिगोचर होते हैं। भूगर्भीय संरचना के दृष्टिकोण से यह सम्पूर्ण क्षेत्र हिमालय पर्वत श्रंखला के दक्षिणी भाग मे स्थित बाह्य हिमालय के गिरीपाद मे स्थित है जो हिमालय पर्वत श्रंखला से निकलने वाली गोला नदी एवं इसकी अन्य सहायक नदियों द्वारा कालान्तर मे अपने साथ बहाकर लाये गये नदीय अवसादों के स्थल पर निक्षेपित होकर कठोर हुये भाग से निर्मित हुआ प्रतीत होता है। प्रस्तावित स्थल गोला नदी के जलोढ़ पंख के मध्य स्थित

है। स्थल पर नीचे की ओर कोबेल, पैबल व बोल्डर के अधिक मात्रा मे स्थित होने की प्रबल संभावना है। प्रस्तावित स्थल के पूर्व की ओर लगभग 3.0 किमी0 की दूरी पर गोला नदी स्थित हैं जिसका समरेखण तथा बहाव उत्तर से दक्षिण की ओर है। प्रस्तावित स्थल भाबर–तराई क्षेत्र के मध्य अवस्थित है जिसमे भाबर–तराई क्षेत्र की भूगर्भीय संरचना व्याप्त है। स्थल पर ढलाने दृष्टिगोचर नही होती है तथा स्थल लगभग समतल है जबकि क्षेत्रीय स्तर पर स्थल व स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र मे सामान्य ढलाने दक्षिण की ओर हैं। स्थल की सतह लगभग समतल है जो निकटवर्ती सम्पर्क मार्ग से कम ऊंचाई वाले भूभाग में अवस्थित है इसलिये स्थल को विकसित किये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। स्थल के अन्तर्गत गुलीज संरचनाएं स्पष्ट दृष्टिगोचर होती हैं जो स्थल पर वर्षाजल के उत्तर से दक्षिण की ओर प्रवाहित होने के स्पष्ट संकेत देती है। स्थल के निकट कोई प्राकृतिक नाला तथा अधिक ढालदार भूभाग दृष्टिगोचर नहीं होता है। स्थल वर्तमान में स्थित प्रतीत होता है।

उपरोक्त भूगर्भीय संरचना के दृष्टिकोण से प्रस्तावित स्थल, प्रथम दृष्टया सन्दर्भित प्रयोजन के लिए भूमि हस्तान्तरण हेतु उपयुक्त प्रतीत होता है। स्थल पर प्रस्तावित निर्माण कार्य में भवनों की संख्या, परिमाप आदि का निर्धारण किये जाने तथा क्षेत्र में उनकी स्थिति सुनिश्चित किये जाने के उपरान्त, निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व, स्थल की भू–स्थलाकृति तथा भूगर्भीय संरचना के अनुसार, निर्माण की जाने वाली संरचनाओं की सुरक्षा हेतु भूगर्भीय दृष्टिकोण से सुझाव व संस्तुतियां लिया जाना आवश्यक होगा व उनके अनुसार ही प्रस्तावित संरचनाओं का निर्माण किया जाना होगा।

(लेख राज)
सहायक भूवैज्ञानिक



UTTARAKHND KRISHI UTPADAN MARKETING BOARD HALDWANI

KEY PLAN/LOCATION PLAN

02/04/2013

अवर अभियन्ता
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

सहायक अभियन्ता
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड

उप निदेशक (नि० वि०)
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन

अवर अभियन्ता
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

सहायक अभियन्ता
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
निर्माण खण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)

उप महाप्रबन्धक (तकनीकी)
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
निर्माण खण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)